श्री हुक्मदेव नारायण यादव : हमें अपनी बात बोलने दीजिए। आप कभी हमसे बाद में बहस कर लीजिएगा। हमसे बहस करते करते बहुत लोहियावादी थक गये। आप तो लोहियावादी कभी नहीं थे।...(व्यवधान) आप शांत रहिए। इसीलिए मेरी प्रार्थना है कि बगहा से लेकर किशनगंज तक हम उस समय से आंदोलन करते रहे हैं कि बगहा से किशनगंज तक सीधे पश्चिम से पूर्व तक नदी जोड़ दी जाए जिससे उत्तर बिहार की, मिथिलांचल की सभी नदियां उसमें जुड़ जाएं। अगर किसी नदी में बाढ़ आएगी, वह पानी सभी नदियों में चला जाएगा जिसके कारण बाढ़ की समस्या का निदान होगा। इसलिए नदियों को जोड़ो। हम कहते हैं कि नदियां जोड़ो जिससे बाढ़ और सुखाड़ की समस्या का निदान होगा। बगहा से किशनगंज तक लम्बी नहर खोदकर सभी नदियों को जोड़ा जाना चाहिए।

दूसरे, पश्चिमी कोसी नहर का निर्माण हुआ। पूर्वी कोसी नहर में कुछ सिंचाई हुई लेकिन बालू की समस्या से लोग पीड़ित रहे। पश्चिमी कोसी नहर अब तक अधूरी है। उसके रेखांकन गलत किये गये। डीपीआर गलत बनाया गया। साईफन बड़ा होना चाहिए तो छोटा कर दिया गया। जहां साईफन होना चाहिए, वहां साईफन नहीं बनाया। इसके कारण परेशानी है। इसलिए उसका फिर से डीपीआर बनाया जाए और फिर से उसका प्राक्कलन बनाकर, सुधार करके पश्चिमी-कोसी नहर को शीघ्र पूरा किया जाए तो मिथिलांचल के अंदर बहुत सारी समस्याओं का निदान हो जाएगा।

तीसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि हमारे यहां आहर कहते हैं, जो सिंचाई के स्रोत हैं, आहर, मृत नदियों के जितने बैड हैं और उसके साथ साथ तालाब और पोखरा हैं, इन सबकी खुदाई क्यों नहीं करवाई गई? मनरेगा पर हजारों करोड़ों रुपये खर्च किये गये। लेकिन अगर इनकी खुदाई करा दी जाती तो सिंचाई के स्रोत बढ़ जाते जितने मृत नदियों के बैड हैं, पुराने तालाब हैं, वे सब अतिक्रमण से ग्रसित हैं, उन पर नाजायज अतिक्रमण कर लिया गया। इसके लिए अतिक्रमण कानून में नया संशोधन किया जाए और यह कहा जाए कि सड़क में, विद्यालय में, सिंचाई के स्रोत पर अगर किसी का अतिक्रमण है तो उसको नया कानून बनाकर, उस पर कार्रवाई की जाए। Prevention of Damage to Public Property Act संसद से बना हुआ है। उसके तहत कार्रवाई की जाए तो हमारी सभी समस्याओं का निदान हो सकता है। लेकिन यह सरकार को करना चाहिए।

अंत में, मेरी आपसे विनम्र प्रार्थना है कि हम उस बाढ़ में जन्मते हैं, उसी बाढ़ में पलते हैं, उसी बाढ़ में मरते हैं और मरने के बाद हमारी लाश भी बाढ़ के पानी में बहा दी जाती है क्योंकि हमें जलाने के लिए कहीं सूखी जमीन नहीं रहती है। इस विपत्ति को हम झेलते आए हैं तो कितने दिनों तक झेलेंगे? इसलिए उस इलाके के लोगों ने बड़ी आशा, उमंग और विश्वास के साथ श्री नरेन्द्र मोदी जी का साथ दिया। लोगों को जिताकर यहां भेजा। अब हम चाहते हैं कि अंत में कृषि मंत्री जी और जल संसाधन मंत्री जी दोनों मिलकर एक आयोग बनाएं और उस आयोग के द्वारा मिथिलांचल और उत्तर बिहार में बाढ़ और अकाल से निदान के लिए एक बड़ी योजना बनाई जाए और उसके आधार पर काम किया जाए। उसमें नेपाल सरकार से भी समझौता किया जाए। अगर इतना कर दिया जाएगा तो आने वाले समय में हमारे बच्चे रोएंगे नहीं।

कखन हरब दुख मोर हे भोला बाबा,

कखन हरब दुख मोर,

दुख ही जन्म भेल, दुख ही गमाओल,

सुख सपनेहुं नहीं भेल,

हे भोला बाबा, कखन हरब मोर।

ये गाते-गाते रोते आए हैं, उसका निदान होगा।

ऑश्री संजय धोत्रे (अकोला) : इस वर्ष पूरे देश में 30-40 दिन देरी से मानसून की बारिस शुरू हुई 30 जून तक पिछले 100 वर्ष का रिकार्ड टूट गया बारिश की कमी से भारी नुकसान हुआ कई क्षेत्रों में 15-20 जुलाई से बारिश शुरू हुई किसान और सारे लोग खुश हुये लेकिन कई जगह इतनी ज्यादा बारिश हुई, बाढ़ आई, खेती की मिट्टी बह गई। इस तरह किसानों को दुतरफा आपत्ति का सामना करना पड़ा। विदर्भ के छः जिले अकोला, अमरावती, बुलढाना, वारीम, यवतमाल और वर्धा जहां पिछले 10 साल में सबसे ज्यादा किसानों ने आत्म हत्यायें कि वहां इस वर्ष फरवरी मार्च मे माह में ओलावृष्टि हुई जिसके कारण, कपास , गेहूं चना, प्याज केला और कई फलबागों का भारी नुकसान हुआ इसके बाद सूखा और बाढ़ कि मार झेल रहे अध्यक्ष महोदय आपके माध्यम से माननीय कृषि मंत्री जी से निवेदन करता हूं कि केंद्र सरकार द्वारा एक दल भेजा जाये और किसानों की पर्याप्त मदद की जाये और इस तरह से आनेवाली आपदा से निपटने के लिये दीर्घकालीन शाश्वत योजना बनाई जायें ।

---

* Speech was laid on the Table

श्री भगवंत मान (संगरूर): माननीय सभापति जी, पहले सरकार कबूल करे कि सूखा आने वाला है। अभी कबूल ही नहीं किया क्योंकि बजट में कुछ भी नहीं रखा गया है। इसका मतलब है कि उनके एजेंडे में है ही नहीं कि सूखा आने वाला है। सूखा बहुत से प्रदेशों में आ चुका है। मौसम विभाग के माहिरों ने बताया है कि अगर दस परसेंट बारिश में कमी आती है तो इसका मतलब है कि 20 से 40 परसेंट देश का एरिया प्रभावित होता है। इस बार 25 परसेंट बारिश कम होने की आशंका है, ऐसा माहिर कह रहे हैं।

16.06 hrs.

(Shri Hukmdeo Narayan Yadav *in the Chair*)

इसका मतलब यह है कि देश का जो एरिया प्रभावित होगा वह 50 से 75 प्रतिशत होगा। इस तरह से देश का बहुत बड़ा हिस्सा सूखे से प्रभावित होगा। इसके लिए फौरन कदम उठाने की जरूरत है। आंकड़ों के मुताबिक 113 साल में जून महीना सबसे ज्यादा सूखा महीना माना गया है। राज्य और सैंटर में तालमेल की बहुत कमी है। सूखा पड़ता है तो राज्य सरकार केंद्र सरकार को दोष देती है और केंद्र सरकार कहती है कि यह राज्य का मामला है। तालमेल की कमी है, इस तालमेल को इमीडिएटली ठीक करने की जरूरत है।

महोदय, मैं पंजाब से आता हूं। जब पंजाब का नाम आता है तो हरियाली सामने आ जाती है। पंजाब के नाम का मतलब पांच दरिया की धरती है। पंजाब की बदकिस्मती है और आज के हालात यह हैं कि जिस राज्य का नाम पानी पर है, दरिया पर है, उसका पानी न तो पीने लायक है और न खेती के लायक है। पीने के पानी में यूरेनियम आ गया है। मालवा क्षेत्र में धान की वजह से पानी का लैवल इतना नीचे चला गया है कि किसानों के लिए ट्यूबवैल लगाना टेढ़ी खीर साबित हो रहा है। मेरे अपने क्षेत्र में 400-450 फुट नीचे पानी का लैवल हो गया है। कुछ ऐसी फसलें होती हैं जिनमें पानी का कम प्रयोग होता है। मक्की बिकने के लिए तैयार है। किसान बाजरा, सरसों, सब्जियां बीज सकता है लेकिन इनकी मार्केटिंग नहीं है। एमएसपी सही तय की जानी चाहिए। धान की फसल के कारण पानी का लैवल नीचे जा रहा है। पंजाब का एरिया जो हरियाणा और राजस्थान के साथ लगता है, वह मरुस्थल बनने जा रहा है। घग्गर नदी हरियाणा के साथ जुड़े बार्डर पर नुकसान करती है। जब बाढ़ आती है तो घग्गर नदी खास तौर से खन्नौरी, मूनख,

सरदूलगढ़ एरिया में बहुत नुकसान करती है क्योंकि यह बरसाती नदी है। अगर इस पर डैम बना दिया जाए तो घग्गर नदी का कहर खत्म हो जाएगा। बिजली भी मिलेगी और पानी का कहीं और भी प्रयोग किया जा सकता है।

महोदय, मैं संगरूर क्षेत्र से चुना गया हूं। यह पंजाब में खेती में नंबर एक आता है। बदकिस्मती से पिछली सरकारों ने खेती का बुरा हाल किया है और कोई प्लानिंग नहीं बनाई इसलिए फसलों के भाव नहीं मिल रहे हैं। संगरूर किसानों की आत्महत्या के मामले में पहले नंबर पर आता है। मूनक तहसील देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या करने में नंबर एक पर आई है। फ्रांस, जर्मनी और अमेरिका से जर्नलिस्ट यहां आकर डॉक्यूमेंट इकट्ठे कर रहे हैं। लेकिन हमारी सरकार के पास शायद ये आंकड़े नहीं होंगे, यह शर्म की बात है।

मैं आखिर में यही कहूंगा कि सरकार किसानों के बारे में सोचे क्योंकि किसान देश के अन्नदाता हैं। जो किसान पूरे देश का पेट पालते थे आज वही किसान स्वयं भूखे पेट सोने को मजबूर हो गए हैं। बैल के गले में डालने वाले रस्से जिससे वे घंटी या घुंघरू बांधते थे, वही रस्से अब किसान के गले की फांसी बन चुके हैं। यह ठीक है कि बुलेट ट्रेन की बातें हैं, स्मार्ट सिटी की बातें हैं। लेकिन अगर गांवों को भी स्मार्ट बनाना है तो किसानों की हालत को भी सुधारिये और स्पेशियली अगर खेती पर ध्यान दिया जाए तो हमारा देश तो खेती प्रधान देश है, कृपा करके इसे खेती प्रधान देश रहने दीजिए। हम अपने पेट को खुद पाल सकते हैं, हमारे देश की धरती बहुत अच्छी है।

आखिर में मैं यह कहूंगा कि 21वीं सदी में हमारे बच्चों को यह न कहना पड़े कि 'रब्बा, रब्बा नहीं बरसा, साड्डी कोठी दाने पा।' इसलिए बारिश के बिना भी दाने आएं, उसके लिए सरकार को प्रावधान करना चाहिए। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

*** SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK):** The monsoon's below par performance this year is cause for concern. Besides arriving late, it lacks punch and has failed to gather momentum in its advance along the western coast. The below-normal monsoon has cast a cloud over the Government's plans to revive the economy. It's effort to boost the GDP growth rate will be hit adversely and business sentiment is becoming gloomy. While these are growing, it is the fate of millions of small and medium farmers that must be government's priority. These are people who have taken heavy loans to buy seeds and fertilizers. A failure of crop spells devastation for the. I would ask the Government to focus on alleviating their sufferings first.

Unlike some decades ago, when a weak monsoon spelt disaster, things have improved. A comfortable food grain buffer stock and sufficient water in most reservoirs in the country will help the Government tackle the fall out of a deficient monsoon. It is therefore necessary to call all State Governments and put across to them that the first right to water would be for drinking purpose and next is for agriculture. Hydro-power and provision for industrial units be made secondary option, immediately. Because of deficient and untimely rainfall in many States, small and marginal farmers are put to a loss. Now migration from affected villages have started.

Often discussion is made about crop insurance. Today the requirement is to have Weather Based Crop Insurance Scheme. I am told in Maharashtra this is being implemented in 12 districts only. Why not extend it to other parts of the country? It has some limitations but can not those be corrected. Odisha, one of the major rice producers has decided to implement the Agriculture Insurance Scheme during the ongoing Kharif season.

Agriculture Minister has said Government is fully prepared to tackle any situation arising out of poor monsoon. We are informed that Agriculture Ministry has a drought contingency plan for 500 districts. Prime Minister is laying stress on farm sector issues and is focusing on boosting the rural economy thereby reducing farmers distress. I would like to know what contingency plan you have in place? Whether States have been suitably advised? Is the Government assuring us that sufficient food stocks are in place and quick action will be taken in any situation arising out of flood and drought?

Even as monsoon is currently 24% below the long period average which is worse than the deficiency seen in 2009 or 2012. Crisil Research estimates that this year, there is a higher probability of a turnaround-just like in 2012. State-wise rainfall deficiency, one can say, is that in, Odisha it is minus 4 percent whereas in Punjab it is minus 60 percent. One can understand the predicament of the farmers. The fact that there were hardly any rains till mid-July is bound to leave its impact on this year's Kharif. The Agriculture Ministry's latest progressive sowing date reveals a 39-43 percent fall in pulses and coarse grain acreages over last year with 27-30 percent less for cotton and oilseeds. One can surmise that rains falling in August-September, as they did in 2009 and El Nino materializing concurrently, the resultant drought may not wreak real havoc. The effect, if any, all be more on farmers than customers. Therefore, greater stress should be given by the Government to help the farmers than being alarmed now, how to tackle the market.

With incessant rainfall in Odisha, districts like Bhadrak, Balasor, Koraput, Rayagada have been inundated and crops have been destroyed. Centre should come forward to mitigate the problem of farmers of those areas of Odisha.

Finally, I would like to draw the attention of the Government regarding the apathy of the Union Government. Odisha encountered the wrath of cyclone "Phaillin" which devastated large parts of Southern Odisha on 12^{th} October, 2013. The cyclone "Phaillin" coupled with another spell of high flood occurred immediately thereafter affecting the lives and property of the people of that region. Odisha Government had submitted two memorandum to the Union Government seeking central assistance of Rs. 5832.50 crore towards relief and immediate restoration of damaged infrastructure as per the Union Government norms. However, the High Level Committee approved a net assistance of only Rs. 460.30 crore from NDRF. A Supplementary Memorandum has been submitted. We would demand that the actual amount as per the Norms of Assistance from SDRF/NDRF be provided to Odisha at the earliest.

Odisha is facing vagaries of nature, every year, be it drought, flood and cyclone. This year Odisha has to tackle both drought and flood together. Therefore, I would urge upon the Union Government to provide support to Odisha at the earliest to help farmers at large and those affected persons, in particular.

ऑश्री रविन्दर कुशवाहा (सलेमपुर): माननीय अध्यक्ष महोदया, भारत नदियों का देश कहा जाता है । करोड़ों भारतीयों के आस्था की प्रतीक गंगा, यमुना, सरयू, गोदावरी सहित अपार जलराशि वाली दर्जनों नदियां यहां बहती हैं । परंतु केन्द्र की कांग्रेसी सरकारों की दोषपूर्ण एवं उपेक्षित नीतियों के कारण इस महत्वपूर्ण संपदा का समुचित सदुपयोग नहीं हो सका । इसका दुष्परिणाम यह निकला है कि आजादी के 67 वर्षों बाद भी जहां हमारी साठ फीसदी धरती प्यासी है वहीं प्रतिवर्ष आने वाली प्रलयकारी बाढ़ से जन-धन की व्यापक क्षति होती है । महाराष्ट्र के मालिन गांव की हृदय विदारक घटना इसका ताजा उदाहरण है । जल संसाधन के गलत प्रबंधन के कारण ही देश हर साल बाढ़ और सूखे की त्रासदी झेलता है । वर्ष 1977 में तत्कालीन जनता पार्टी की सरकार ने नालों के नहरीकरण की योजना प्रारंभ कराई लेकिन उस सरकार के जाते ही इसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया । इसी तरह माननीय अटल जी की सरकार ने नदियों को जोड़ने की एक महत्वाकांक्षी योजना प्रस्तावित की । परंतु यूपीए की सरकार ने आते ही इसे दरकिनार कर दिया गया । मेरी मांग है कि इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर युद्धस्तर पर पूरा कराया जाए । मुझे प्रसन्नता है कि हमारी सरकार जीवनदायिनी गंगा, यमुना सहित अनेक पवित्र नदियों की अविरलता और निर्मलता बनाए रखने के प्रति कृत संकल्पित है तथा इसके लिए पर्याप्त बजट का भी आवंटन कर दिया गया है। परंतु इसके लिए नदियों के किनारे हो रहे अंधाधुंध अतिक्रमण तथा फैक्ट्रियों द्वारा बहाए जा रहे विषाकत कचरे को समाप्त करने के लिए कठोर कानून बनाकर उसका तवरित अनुपालन कराया जाना जरूरी है ।

महोदया, मेरा संसदीय क्षेत्र घाघरा और गंगा नदियों से घिरा हुआ है । घाघरा नदी के कटवा से देवरिया और बलिया के कई गांव नदी की धारा में विलीन हो चुके हैं तथा दर्जनों गांवों का अस्तित्व खतरे में है । नदी के कटाव से आबादी एवं कृषि भूमि को बचाने के लिए बाढ़ खंड बलिया ने बहुत समय पूर्व ही एक विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार की जिसका प्राक्कलन भी तैयार करके उत्तर प्रदेश और केन्द्र सरकार को भेज दी गई । राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद यह मामला निविदा प्रक्रिया में है । परंतु केन्द्र की पिछली सरकार अपना अंशदान नहीं दिए जाने के कारण जनहित का यह कार्य बाधित है । इनमें प्रमुख हैः-

घाघरा नदी के दायें तट पर निर्मित हाहानाला के किलोमीटर 0.800 से 2.400 के मध्य ग्राम चैनपुर गुलौरा में पंचनहर एवं शिवमंदिर की सुरक्षा हेतु परियोजना रूपये 1095.80 लाख ।

---

* Speech was laid on the Table

डूहा-कठौड़ा विस्तार बांध के किलोमीटर 0.00 से 0.300 के मध्य स्थित बालखंडी बाबा मंदिर एवं आश्रम की सुरक्षा हेतु 300 मीटर में कांचित एवं पीचिंग कार्य रूपये 396.24 लाख ।

डूहा-कठौड़ा रिंग बांध के किमी. 04.200 से 5.200 के मध्य तटबंध की सुरक्षा हेतु परियोजना रूपये 682.50 लाख ।

घाघरा नदी के किनारे तुर्तीपार श्रीनगर बांध के किमी. 39.800 से 41.600 के मध्य ग्राम संगापुर गोड़ौडी, रिंवन, ककरघट्टा, एलासगढ़ के सुरक्षार्थ परियोजना रूपये 1576.60 लाख ।

मैं माननीय जल संसाधन मंत्री से मांग करता हूं कि जनहित की इस परियोजना को यथाशीघ्र पूरा कराने के लिए केन्द्रीय अंशदान को तत्काल निर्गत करावें ।

श्री हंसराज गंगाराम अहीर (चन्द्रपुर): माननीय सभापति जी, आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। अभी यहां बाढ़ और सूखे पर चर्चा हो रही है और उसकी वजह से जो स्थिति उत्पन्न होती है, उससे सारा देश हर वर्ष चिंतित होता है और सारे हाउस में भी उस पर चिंता प्रकट की जाती है। यह एक नैसर्गिक आपत्ति है। नैसर्गिक आशीर्वाद पर कभी बारिश अच्छी होती है या कम होती है, इससे निर्मित परिस्थिति पर हम हर वर्ष परेशान होते हैं। इस बार जो बारिश होने के अनुमान थे, शुरू में उसके संकेत ठीक नहीं थे, संकेत यह थे कि इस बार बारिश कम होगी। लेकिन अभी हाल ही में कुछ राज्यों में बारिश होने से कुछ चिंता निश्चित रूप से कम हुई है। फिर भी बारिश विलम्ब से होने से देश के अनेक राज्यों के किसान चिंतित हैं और उन्होंने जो फसल लेनी थी, उस फसल में भी परिवर्तन करने की नौबत आई है। यह इस वर्ष की बात है। लेकिन मैं यह कहूंगा कि हम वर्षों से इस बात पर चर्चा करते आए हैं कि जो सरकारें थीं, उन सरकारों का काम था कि बारिश होनी है या बारिश नहीं होनी है। कभी बारिश ज्यादा होगी और कभी कम होगी। उनके प्रबंधन की नीति में कुछ परिवर्तन की जरूरत थी, जो नहीं किया गया है।

महोदय, भारत को हम मौसम का देश मानते हैं। यहां हर चार माह के बाद मौसम बदलता है। यह हमारा सौभाग्य है। इसके साथ ही यहां अनेकों नदियां हैं। कभी जब भारत का वर्णन होता है तो इसे नदियों का देश कहा जाता है और इतनी नदियां होने के बावजूद भी नियोजन के अभाव में हम पूरे देश को इन नदियों के जल से सिंचित नहीं कर पा रहे हैं और इसी वजह से हर वर्ष बाढ़ की समस्या पैदा होती है और बाढ़ के साथ कभी-कभी सूखे की समस्या भी पैदा होती है। मैं आपके माध्यम से सरकार से यही कहूंगा कि इतनी जल वर्षा, इतनी नदियां और इतने नाले होने के बावजूद अगर हम ठीक से नियोजन करें तो शायद ही हमें इस देश में सूखे का मुकाबला करने की जरूरत पड़ेगी और शायद ही कभी बाढ़ की आपदा भी निर्माण होगी। अपने सामने एक बड़ा प्रोग्राम रखकर देश की इस बड़ी समस्या का मुकाबला करने के लिए सरकार को एक नीति बनानी पड़ेगी, नियोजन करना पड़ेगा। बारिश और सूखा खेती से संबंधित विषय हैं। आज भी देश के साठ परसैन्ट से अधिक किसान और मजदूर परिवार खेती पर निर्भर करते हैं, खेती पर जीते हैं। देश के मजदूर और किसानों के अतिरिक्त देश के सौ प्रतिशत व्यक्ति इस बाढ़ और सूखे से प्रभावित होते हैं और देश का उत्पादन भी इससे प्रभावित होता है। इंडस्ट्रीज भी बिना पानी के नहीं चलती हैं। बिना जल के खेती भी नहीं होती है और बिना जल के व्यक्ति जी भी नहीं सकता है। इस प्रकार से हम यहां एक बड़े विषय पर चर्चा कर रहे हैं।

महोदय, मैं महाराष्ट्र राज्य से आता हूं और वहां विदर्भ एक ऐसा क्षेत्र है, पिछली सरकार ने एक नीति बनाई थी कि देश के कितने राज्यों में किसान आत्महत्याएं कर रहे

हैं। उसमें जो 31 जिले चुने गये थे, उसमें विदर्भ के 6 जिले चुने गये थे, जिस जिले से मैं चुनकर आता हूं। मेरा जिला यवतमाल, चंद्रपुर है। यहां के किसान आत्महत्याएं इसलिए करते हैं क्योंकि यहां उनके लिए सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। देश में एवरेज 60 परसैन्ट सिंचित भूमि दिखाई जाती है, लेकिन वास्तव में यह सत्य नहीं है। देश में कुछ ऐसे राज्य भी हैं, दुर्भाग्य से इस बार पंजाब में बारिश कम होने से समस्या खड़ी हो गई है। लेकिन पंजाब सरीखी स्टेट में 90-95 परसैन्ट सिंचित भूमि है। जबकि आप महाराष्ट्र और साउथ में देखेंगे तो वहां सिंचित भूमि का प्रमाण कम है। देश में 60 परसैन्ट सिंचित भूमि होने का जो एवरेज है, यदि उस एवरेज को मेनटेन भी किया जाता तो शायद हम देश के सूखे और बाढ़ का मुकाबला कर सकते थे। अगर हम हर जगह नदियों पर बैराज बना देते हैं, हर जगह पर छोटे-बड़े बांध बना देते हैं। हम गांव-गांव में जो छोटे तालाब बनाते हैं, उनको भी बढ़ावा देते तो शायद हम इतनी बड़ी समस्या का मुकाबला सहजता से कर सकते थे। जहां महाराष्ट्र में 19 प्रतिशत सिंचित भूमि है वहीं पर किसी स्टेट में 90 प्रतिशत से ज्यादा है। यह असमानता भी है। ऐसे मौके पर मैं कहूंगा कि अगर हम सभी नदियों का अच्छी तरह से प्रबंधन करें, उस पर बांध बनाएं, उस पर बैराज बनाएं तो अच्छा होगा। अटल जी की सरकार ने नदियों को जोड़ने का जो प्रोग्राम बनाया था, उस पर भी अमल करने की जरूरत है। यह भी बाढ़ से मुकाबला करने का और बाढ़ से बचने का एक बहुत अच्छा रास्ता है। मैं आपके माध्यम से यह कहूंगा कि सूखे से मुकाबला करने के लिए यह इस वर्ष की समस्या नहीं है। मैं महाराष्ट्र की बात करूं तो कई जिलों के किसानों ने दो-तीन बार बुवाई की है। लेकिन फसल उगी नहीं है। उनकी खेती और मज़दूरी का खर्च और बढ़ गया। अब वहां राज्य सरकार द्वारा सर्वे होगा।

जैसा हमारे साथियों ने दो-तीन बार कहा कि उन्हें इतना कम अनुदान मिलता है कि वह ऊँट के मुंह में ज़ीरा साबित होता है। किसान की इतनी मेहनत और पूरे वर्ष की फसल जब जाती है, तो वह आत्महत्या कैसे रूकेगी। इसलिए हमारे महाराष्ट्र के अनेक जिलों में अकाल की स्थिति है। पूरे विदर्भ में, मराठवाड़ा में, दो-दो, तीन-तीन बार बुवाई हुई है। आज के विषय - सूखा और बाढ़ की चर्चा पर मैं सरकार से विनती करूंगा कि निश्चित ही महाराष्ट्र में एक सर्वे कराया जाए, अधिकारियों की एक टीम भेजी जाए और महाराष्ट्र में ही नहीं, जिन-जिन राज्यों में ऐसी स्थिति है, वहां पर निश्चित ही सेंट्रल गवर्मेंट की तरफ से सर्वे होना चाहिए, टीम जानी चाहिए, अधिकारी भेजे जाने चाहिए और कहां कितना नुकसान हुआ है, इन किसानों के जीवन स्तर, किसानों की आत्महत्याएं, इसके बारे में चिंता होनी चाहिए। मैं कहना चाहता हूँ कि कई जगहों पर बांधों का काम और बैराज का काम एंवायरमेंट क्लियरेंस नहीं मिलने से, फॉरेस्ट क्लियरेंस नहीं मिलने से वर्षों से लंबित हैं। ऐसी कई जगहे हैं, जहां पर अगर हम बैराज बांधते हैं, बांध बांधते हैं या बड़ी परियोजनाएं बनाते हैं तो ये समस्या हल हो सकती है। मैं कृषि मंत्री जी से कहूंगा कि आप इसकी सूची बनाइए। अगर खेती को हम न्याय देना चाहते हैं तो कितने बैराज, कितने बांध और कितनी परियोजनाएं लंबित हैं और कहां पर फॉरेस्ट और एंवायरमेंट क्लियरेंस से काम रूका है, यह सभी मंत्रालयों से कोऑर्डिनेशन कर के, सभी मंत्रालयों के साथ मीटिंग कर के अगर हम यह काम पूरा कर लेते हैं तो शायद हम देश में बाढ़ से भी बचायेंगे और सिंचित भूमि भी बढ़ा सकते हैं। मैं इतनी विनती करता हूँ और चाहता हूँ कि इस बार जहां-जहां पर सूखे की स्थिति है, केंद्र सरकार राज्य सरकार पर निर्भर न रहें, राज्य सरकारें अनेक राज्यों में मदद करती हैं, कई राज्यों में कम मदद करती हैं। इस बार केंद्र सरकार बीच में मदद करने के लिए हाथ बढ़ाए। इतना कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

*SHRI D. K. SURESH (BANGALORE RURAL):** This year again the State of Karnataka has experienced a worst drought. It is the fourth year in a row. The June month recorded the lowest rainfall in the past 52 years, the state needed 47% deficit rainfall in June. "It is the fourth time in the past 100 years that the State recorded such a low rainfall. The improper rain has affected agriculture activity, drinking water and power generation,"

During monsoon, sowing takes place on an average 74 lakh hectares in the state. By June 30, the average sowing area should have been 25.36 lakh hectares, but is only 18.92 lakh hectares. "Even the rain-fed crops cultivated in Mysore, Mandya, Chamarajnagar, Hassan, Tamkur, Chitradurga, Davangere, Ramanagaram, Dharwad, Bellary, Gadag and Yadgir are withering due to inadequate rains".

Karnataka state government had declared 125 talukas out of 176 talukas (revenue sub-divisions) as drought-hit talukas. The drought-hit areas received less than rainfall with a continuous dry spell for the last 2 to 3 months.

Bangalore Rural is my Parliamentary Constituency which comprises my home district Ramnagar and also Kunigal taluk of Tamkur District. Most parts of my Lok Sabha constituency are badly affected by drought.

Therefore, I urge upon the Union Government to come forward to rescue farmers of the drought affected areas and release adequate funds to take up drought relief measures like providing drinking water, fodder for cattle other livestock and foodgrain supply. My suggestions in this regard are - to take urgent steps to resolve the water crisis, ensure cattle fodder, and jobs for the people:-

The Government should direct authorities concerned to take up the Rejuvenation and Repair of bore wells to provide better access to drinking water.

Crop Insurance should be provided to all farmers irrespective of the size of the land holdings.

Compensation to crop failed due to drought should be given after taking into consideration all the expenditure including the cost of own laborer.

All agriculture laborers should be provided at least 100 days wages during the drought period.

*SHRI R. DHRUVANARAYANA (CHAMARAJANAGAR): I will highlight the present situation of onset of drought in the country, its impact on farmers and the action we seek from the Centre. Rainfall deficit is the most important indicator of drought in the country. The months of June and July are particularly important since they constitute the sowing period. For the country as a whole, this year's monsoon has so far upto 23 July been 25% below the normal average or long period Average. The deficit, being more than 19 % is clearly a matter of concern. Deficit in Northwest is 36%, in South Peninsula region it is 25% and in Northeast, East and Central region, it is 22%.

The Met Department also divides the Country into 36 subdivisions and categorizes these into normal, deficit or scanty rainfall. As on 27th July, rainfall has been deficit in 21 subdivisions, scanty in 1 division and normal in 14 divisions. 62% of our country has had deficit rain of over 25% since June 2014.The Met department has forecast normal rainfall for the central and eastern regions for the next two weeks but rainfall in Peninsula and western region, as per its forecast is said to be below normal for the next two weeks as well.

As far as sowing of crops is concerned, area sown this year under Kharif crops is 345.60 lakh hectares. It is important to see this figure in comparison to the figure last year. Last year, in the same period, 627.44 lakh hectares of area had been sown under Kharif corp. This reflects a

downfall of over 45% from the last year.

The sheer number of people impacted by drought makes it the most important point of concern right now. The water reservoirs in the country are below the normal storage mark. In 85 reservoirs monitored by Central Water Commission, live storage (as on 17th July) is 40.00 BCM. This figure last year in the same period was 65.73 BCM. This means we have only 61% of the last years' storage.

There is already a water crisis being experienced with regard to availability of drinking water in various parts of the country including Tamil Nadu and Maharashtra. But more importantly, I urge you to consider the situation of farmers in the country. Their misery in times of lack of rainfall needs due attention. Farmer suicides in the agriculture and farming have been very high over the years. In the year 2013, 11,772 farmers had committed suicide. Although there was a decline from the previous year of 2012, the plight of farmers is still a matter of concern. Since drought has a clear link to low agricultural productivity, they are the most directly impacted from this crisis. With the onset of drought, their situation is only worsening everyday. Action is required by the Government.

Time and funds are two crucial factors for States with regard to the present situation. We need to act fast to tackle the issues at hand. Also, the State's ability to deal with such situation is limited due to funding constraints. Drought is not a singular issue; it impacts water availability, fodder, agriculture labour, employment and productivity. I request the Centre to support and aid State Governments with more funds to tackle the situation and step up relief operations in areas where onset of drought is being observed.

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Chairman, Sir, I am deeply grateful for having been given this opportunity to participate in such an important discussion.

India is a vast country, and every year, our country witnesses one calamity or the other. The worst affected by such calamities are the poor, the weaker sections, and also, the disadvantaged sections of the society.

Our country is mainly dependent on agriculture, and around 70 per cent of our people are directly or indirectly involved in agriculture for their existence as also, for their livelihood. Agriculture production and productivity depends mainly upon the vagaries of nature and weather plays a critical role in deciding the prospects of our people.

Sir, time and again, we have had the opportunity to discuss the issues relating to flood as well as drought in this very august House. But it always ends up in rituals. What is required is a holistic approach to address the issue of natural calamities.

This year, we have had a deficient monsoon because of the El Nino phenomenon. According to the Indian Meteorological Department (IMD), rains have been deficient by 43 per cent this June. However, we are fortunate to have fairly good rain in July in various parts of the country.

Whenever there is deficit rainfall, it not only affects agricultural production, but also it badly affects the availability of drinking water. It is a paradox that a State like Kerala, which is blessed with more than 40 perennial rivers and which receives heavy downpour during South-West Monsoon and North-East Monsoon, experiences acute shortage of drinking water immediately after the rainy season is over.

All studies go to show that the groundwater level is depleting in the State of Kerala, and it is going to cause an alarming situation in the days to come. The depletion of groundwater is something which is not peculiar to Kerala alone. It is a frightening reality in almost all the States. If we do not enlighten the people on the importance of water literacy, I am afraid the problem of drinking water will soon be the most vital issue being faced by the nation.

Sir, a proposal has come from this Government for linking the rivers of India so that the question of water availability could be resolved. I do not know whether the Government is pursuing this programme with the desired amount of scientific input or precision. We all know that no scientific study as such has been undertaken by this Government when it comes to the question of interlinking of rivers. Rivers are naturally formed water flow systems and tampering with them will only kill the rivers.

We have the Russian experience of linking the rivers during the 1930s when Soviet Russia was at its peak, which led to the doom of their rivers in the 1930s. Our greed and short-sightedness should not lead us to destruction of the environment and ecology, which will be a definite fall-out of diverting the natural course of our perennial rivers. We cannot kill our riverine eco-system by meddling with the nature. Global warming and climate change are clear signals of the dangers which lie ahead.

Sir, water resource is a State subject and before taking such a critical decision, we should take all the State as also all other stakeholders into confidence. The scientific community also must be taken on board before taking such an important decision. I understand the scientific community across the spectrum are against linking of rivers. The major political parties of my State, Kerala, are one when it comes to the question of opposing the proposal to link all the rivers.

Sir, floods cause great havoc year after year and it is a recurring phenomenon witnessed across the country. The Uttarakhand deluge and the spate in the northern rivers opened our eyes and the time has come for us to strengthen our water management system and disaster preparedness. It is a well-known fact that India has gone far ahead in her preparedness to meet any eventuality following any natural calamity. This is amply proved during the Uttarakhand floods as also the Phailin cyclonic storm that has hit the coast of Odisha and Andhra Pradesh last year. The Union Government should take all necessary steps to support the States in their efforts to strengthen their disaster management and preparedness. People also should be enlightened on the paramount need to save themselves as also their fellow citizens. Japan is a good model for us to emulate.

Sir, during every monsoon, the long coastal belt of Kerala is badly affected by sea erosion. Thousands of fisher-folk living along the coastal belt are put to untold miseries. The Government of Kerala is doing its best to meet the situation. Sea walls along the coastal belt is being

constructed by the State Government in a phased manner year after year, but it is a fact that sea erosion continues unabated and it cannot be prevented by constructing sea walls alone. More scientific study is to be made on the issue and more innovative steps are to be taken so that huge damage along the seashore is averted. The Government of Kerala have made a request to the Union Government to include 'sea erosion' as also 'lightening' in the category of natural calamities. I strongly appeal to this Government to consider this matter so that it may be referred to the Finance Commission for its final decision.

I have one last point to make. The hon. Chief Minister of Kerala had come to Delhi several times. He made an appeal to set up a unit of the National Disaster Response Force in the State of Kerala. That proposal is hanging fire for a long time. Unfortunately, nothing has been done. I once again request the Government to consider the matter favourably.

With these words, I thank you, Sir, for having given me this opportunity and I conclude.

SHRI PRALHAD JOSHI (DHARWAD): I would like to draw the attention of the Government, through you, Sir, to the drought situation in the State of Karnataka. A total of 1016 villages of 125 talukas are facing severe drought condition. A total of 1286 villages were very severely hit by drought. Even drinking water is not available in those villages. Water is supplied through tankers. In many cases, it is reported that there is non- availability of potable water in the villages. Even non-potable water – fluoride water is being supplied through tankers. That is the situation in some of the districts of Karnataka. I am happy to tell that in July, 2014, we have received some amount of rain in some of the districts. The major monsoon season for sowing the crops is the month of June. The State of Karnataka received the lowest rainfall in the last 52 years. The State recorded 47 per cent deficit rainfall in June. We should have received 194 mm of rainfall whereas we have received just 116 mm. It is the third or fourth time in the past hundred years that the State has recorded such a low rainfall. This improper rainfall has affected the agricultural activity. The power situation is very grim. Only five to six hours of power is being supplied in the villages. There is no drinking water. Fodder has become a big issue. In the monsoon, a total of 74 lakh hectares of sowing was to take place. By that calculation, by the end of June, average sowing area should have been 26 lakh hectares but now, it is only 18.92 lakh hectare.

Sir, you can imagine the situation. Water table has gone down in a few districts like Yadgir, Bidar, Ramnagar and many other areas. At least in 7 districts, it has gone as deep as 1500 feet. There is shortage of fodder. Farmers are selling their livestock to the butchers and people are migrating from villages to big cities like Goa, Mumbai. The Karnataka Disaster Management Authority has said that five districts have received excess rainfall like Chikkamagaluru, Hassan, Kodugu and Uttar Kanada in contrast to 19 districts which is still having deficit rain. The districts Yadgir, Dharwad, Ram nagar, Tumkur have received very less amount of rain which is creating a lot of problem not only for the farmers but also to the common people. In the last report of Drought Research Unit of IMD Pune, it mentioned about the aridity condition of the entire nation. That is in India. It includes severe arid condition also in the northern part of the Karnataka. When the situation is so severe, both the Central and the State Governments should come to the help of the farmers. The methodology by which we are helping the farmers is through the National Disaster Management Relief Fund. On the one hand, we are foregoing crores of rupees through NPAs of banks and bigger corporate houses, and on the other, we are paying a very meagre amount to the farmers. Recently, the Kingfisher issue had come up and in one go, we had foregone more than Rs.7,800 crore. Loans have been sanctioned only on personal guarantees. What are we paying to the farmers? It is only Rs.4,500 per hectare on sown area. That means, it comes to around Rs.1,500 for each acre. This amount is for rain fed area. For the irrigated area, it comes to Rs.9,000 per hectare. In the case of perennial crop, it is Rs.12,000 per hectare. When it is Rs.9000 per hectare for irrigated area, that means, it comes to almost Rs.4,000 per acre. For perennial crop, it comes to around Rs.4,500 to Rs.5,000 per acre.

The NDMRF norms provide assistance for any of the natural calamities including drought or flood or earthquake and so on. When the farmer loses the crop and we provide the assistance, it should be linked and calculated on the basis of investment made for the sowing, fertilizer and everything. On that basis, the NDMRF norms should be revised. We had appealed to the previous Government to revise the norms many times. But, unfortunately, it did not happen. The Agriculture Minister is farmer-friendly. I would suggest the Government to kindly look into this matter.

If the farmer lives happily, the entire country will live happily. I would also request the Government for making the improvement in the crop insurance area. There are some States which do it on the basis of the 12th Five Year Plan and some States are doing it on the basis of 13th Five Year Plan. By that, it is creating a lot of problem. So, I would urge the Government that a farmer-friendly crop insurance and weather based insurance scheme should be adopted.

In recent days, the International Rice Research Institute has stated that flood-tolerant rice saves the farmer's livelihood. It has been experimented in many countries like Brazil and others. I would urge the Government to popularise it. For example, if the paddy is full of water even after two weeks, it will not get spoiled. I would urge the Government to kindly consider all these suggestions so that the farmer could be saved. With these words, I conclude my speech.

ऒश्री गणेश सिंह (सतना) : सदन में नियम 193 के तहत देश के विभिनन क्षेत्रों में सूखा एवं बाढ़ से उत्पन्न स्थिति पर जो चर्चा हो रही है उसमें भाग लेते हुए कहना चाहता हूं कि मौसम में हो रहे परिवर्तन से पूरा दुनिया चिंतित है प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है । कहीं तो अतिवर्षा से लोग तबाह हो रहे हैं कहीं अल्प वर्षा से लोग बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं निरंतर जल स्तर नीचे जा रहा है। वर्षा जल को रोकने अधिक से अधिक जल को जमीन के अंदर स्टोर करने की जरूरत है और इसकी शुरूआत श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार ने कर दिया है माननीय अटल जी की योजना नदी जोड़ने की उन्हें मूर्त रूप दे दिया गया है और मुझे खुशी है कि केन्द्र सरकार ने मेरे देश मध्य प्रदेश की काली सिंध, बेतवा, नदी को जोड़ने हेतु डी.पी.आर. बनाकर कार्य प्रारंभ करने का निश्चय किया है।

पूर्व में जलग्रहण योजना में बहुत बड़ी धनराशि खर्च की गई थी लेकिन अपेक्षाकृत परिणाम नहीं मिले। देश के कई जिले ऐसे है जहां पेयजल का संकट है ऐसे जिलो का चयन किया जाना चाहिए और उन जिलो में दीर्घकालिक योजना तैयार करनी चाहिए। मेरे प्रदेश मध्य प्रदेश के 25 जिले ऐसे हैं जहां इस वर्ष कम वारिश होने के कारण बोई

गई फसल का अंकुरन नहीं हो पाया, और किसनों को कड़ी आर्थिक क्षति हुई है ।

प्रदेश में कम वर्षा वाले जिले सतना, दतिया, धार, सागर, विदिशा, रीवा, सिंगरौली अनुपपुर, गुना, सीधी, शाजापुर , आगर मलवा देवास, अशोकनगर, नीमत , दमोह, छत्तरपुर श्योपुर, रतलाम, मंदसौर ढिढोरी, ग्वालियर, पन्ना, शहडोल, उमरिया, भिण्ड एवं मुरैना जिलो में अत्यंत कम वर्षा से फसलों को भारी नुकसान हुआ है । मेरी मांग है कि किसानों को उसके नुकसान की भरपायी की जाये मध्य प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष सोयाबीन तथा चना मसूर की जो फसलें नष्ट हो गई थी ऐसे पिड़ित किसानों को सहायता दिये जाने हेतु धनराशि की मांग की थी, लेकिन कुछ भी नहीं मिला ।

मेरी मांग है तत्काल राहत राशि दी जाये, मेरे लोक सभा क्षेत्र सतना, जबलपुर, कटनी, रीवा, जिले के 205 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का पानी वरगी बांध की दयी तट नहर से पहुचाना प्रस्तावित है उस परियोजना को राष्ट्रीय परियाजना में शामिल किया जाये प्रस्ताव विचाराधीन है यह योजना लगभग चार हजार करोड़ की है ।

---

* Speech was laid on the Table

हमारे देश की खेती भगवान भरोसे है जिससे किसान लंबा घाटा उठा रहे हैं आत्म हत्या कर्ज से डूबने के कारण करने हेतु मजबूर हो रहे हैं ।

खेती के घाटे के धंधे को फायदे का बनाने के लिए अब तक के तो प्रयास किये गये हैं वह अपर्याप्त है, केन्द्र सरकार से मेरी मांग है यदि किसानों को बचाना है तो 100 प्रतिशत फसल बी योजना लगाना पड़ेगा । किसान की खेत को ईकाई बनाना होगा । प्रीमियम की राशि का 80 औ हिस्सा शासकीय खजाने से भुगतान करना होगा, तभी किसान आगे बढ़ पायेग, अन्यथा खेती के धंधे को छोड़ना देगा ।

कृषि के लिए पानी की जरूरत है और उसके भंडारण के लिए सरकार को दीर्घकालीन योजना को अंतिम रूप समयबद्ध बनाना होगा ।

मेरे क्षेत्र सतना में मैहर तथा अमीरपाटन क्षेत्र में किसान पान की खेती करते हैं लेकिनह उन्हें अभी तक जमीन का मालिकाना हक नहीं मिला । पान वाटेज से बीमा तथा राहत सुविधा से वंचित रखा गया है उसे शामिल किया जाना चाहिए ।

बाढ़ एवं सूखे से बचाव के लिए निम्न लिखित सुझाव है,

1. नदी जोड़ों अभियान,
2. वर्षा जल का संग्रहण
3. वर्षा जल को रोकने वाले किसानों को अनुदान
4. खाली पड़ी भूमि में जलसंग्रहण की अनिवार्यता
5. मध्य प्रदेश में अटल ताल योजना, को पूरे देश में लागू करना
6. प्रत्येक निजी क्षेत्र में लगे उद्योगों को वर्षा जल रोकने का टारगेट देना
7. जलाशयों को पुनर्जीवन देने हेतु वित्तीय सहायता
8. कुओं के वर्षा जल रिचार्ज करने हेतु योजना बनाना
9. जंगलो एवं जहाड़ों से आनेवाले नाले जो सीधे नदियों में जाकर वह जाते हैं उनका रास्ता बदलकर तथा छोटे-छोटे जलाशयों का निर्माण करना
10. मेरे लेकसभा क्षेत्र में प्रत्येक नं0 3 पंचायतों में एक-एक बड़े जलाशयों का निर्माण कराया जाना

अध्यक्ष महोदय, हर वर्ष केन्द्र सरकार द्वारा राहत एवं बचाव कार्य हेतु वही धनराशि दी जाती है लेकिन उस धनराशि का भयंकर दुरूपयोग हुआ है उसकी जांच करायी जाये ऐसी मेरी मांग है ।

लोगों का विश्वास मौसम विभाग की भविष्य वाणियों से उठता जा रहा है उसे और कारगर बनाने की जरूरत है ।

पुराने समय में ऐसी प्राचीन प्राकृतिक संकेत होते थे जिनके चलते ग्रामीणों को पूर्व में ऐसी आपदाओं के क्षति के संकेतों का पता लग जाता था, ऐसी पुरानी पद्धतियों को पुनर्जीवित करने के लिए कारगर योजना बनाने की जरूरत है ।

*श्री पी.पी. चौधरी (पाली): आज़ादी को 67 वर्ष पूरे होने वाले हैं और आज तक हर बार लोक सभा में सूखे और बाढ़ पर चर्चा होती आई है। बाढ़ व सूखाग्रस्त क्षेत्रों में प्रतिवर्ष राहत हेतु लगभग 1 लाख करोड़ रूपये की धनराशि खर्च की जाती है। देश के आधे राज्य सूखे तथा आधे राज्य बाढ़ से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों समस्याओं से Suffering बहुत होती है, जिसकी गणना करना संभव नहीं होता। इस समस्या का स्थायी समाधान करने के लिए विस्तृत चर्चा का समय आ गया है। श्री अटल बिहारी वाजपेयी, तत्कालीन प्रधानमंत्री जी ने अपने कार्यकाल के समय सड़कों और नदियों को जोड़ने का सपना देख था, सड़के तो जुड़ गई अब समय है नदियों को जोड़ने की योजना बनाने का। इस योजना में मोटे रूप से लगभग 5 लाख 60 हज़ार करोड़ रूपये की धनराशि खर्च होनी है, जिसके लिए 10 वर्ष की योजना बनना भारत जैसे देश के लिए कोई बड़ी बात नहीं है। धन जुटाने के लिए विदेशी सहायता ली जा सकती है, जिसे किश्तों के माध्यम से चुकाया जा सकता है।

नदियों को जोड़ना ूसूखे व बाढ़ की समस्या का ही हल नहीं बल्कि इसके माध्यम से आर्थिक स्थिति में सुधार होने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार उपलब्ध करवाने के साधन भी उपलब्ध होंगे, कृषि हेतु सिंचाई के लिए भी उपयुक्त मात्रा में जल उपलब्ध करवाकर कृषि क्षेत्र का विकास किया जा सकेगा। कृषि में विकास होने पर जी.डी.पी. में कृषि का योगदान बढ़ेगा और देश तेजी से विकास के मार्ग की ओर बढ़ेगा।

हमारे देश में 60 प्रतिशत से ज्यादा खेती मानसून पर निर्भर रहती है। यह सर्वविदित है कि मानसून 5 वर्षों में लगभग 2 बार ही ठीक रहता है, जिसका किसान पूरा-पूरा लाभ ले पाता है। वर्षा का जल संचय करने में भी हमारा देश काफी पीछे है। हमारे देश में वर्षा के जल का 6 प्रतिशत हिस्सा ही काम में लिया जाता है बाकी 94 प्रतिशत पानी बहकर समुद्र में मिल जाता है। यदि इस 94 प्रतिशत पानी का बांधों के माध्यम से संचय किया जाता है तो इसके माध्यम से 25 मिलियन हैक्टेयर पर सिंचाई की जा सकेगी, 24000 मेगावाट विद्युत उत्पादन किया जा सकेगा तथा 10 मि.ली. हैक्टेयर क्षेत्र के ग्राउण्ड वाटर में बढ़ोत्तरी की जा सकेगी। इसके साथ-साथ देश खाद्यान्न, फल, सब्जी के क्षेत्र में आत्मनिर्भर ही नहीं बल्कि बड़ा निर्यातक देश भी हो सकता है और हम बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा भी अर्जित कर सकते हैं। देश के किसान को खेती व युवाओं को बेहतर रोज़गार के अवसर उपलब्ध होने लगेंगे तो देश को फूड सिक्योरिटी व मनरेगा जैसी योजनाएं चलाने की आवश्यकता नहीं रहेगी, जिसके माध्यम से लाखों करोड़ों रूपये बचा कर इफ्रास्ट्रक्चर पर खर्च किया जा सकता है, ताकि देश में शिक्षा, चिकित्सा, सड़क आदि के क्षेत्र में भरपूर विकास किया जा सकेगा।

कृषि क्षेत्र को सिंचाई हेतु जल उपलब्धता के अलावा कृषि को संरक्षण की भी आवश्यकता है। सरकार द्वारा औद्योगिक घरानों को पिछले तीन सालों में 2.5 लाख करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि तथा 2.5 लाख करोड़ रूपये की विभिन्न छूटें प्रदान की गई है। कृषि क्षेत्र को भी इस तर्ज पर प्रोत्साहन राशि व छूट देने की भी आवश्यकता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि नदियों को जोड़कर सूखे व बाढ़ की स्थिति से जूझ रहे राज्यों को राहत देने की योजना तैयार करने की कृपा करें।

* **DR. RATNA DE (NAG) (HOOGHLY) :** Floods and drought are a recurring feature. Management of floods is a state subject. But the stark reality is that states always face financial crisis. States become hapless and helpless. Coming to my state, West Bengal, last year floods affected districts, resulting in paddy output drop by more than 30%.

West Bengal has not only faced the brunt of floods but also heat spell. In April-May, 2014, due to heat spell, jute cultivation in West Bengal suffered heavily. There was a drought like situation in April-May, 2014 (specifically in districts in South Bengal). When rains are deficient; heat spell hover around; and at some other time, floods creates panic, people of West Bengal are put at high risk and great distress. Added to this, West Bengal Government, which is already in financial quagmire, face the daunting task of taking care of these natural calamities-floods and droughts.

My State Karnataka is one State where there is simultaneous occurrence of flood and drought. In one part of Karnataka there is flood and in another part, that is, in my constituency Chitragurga, there is drought. Added to the drought condition in my constituency, there is a shortage of drinking water. People have to go to far off areas to get a pot full of water. According to the WHO estimate, every 20 seconds, one infant dies for want of drinking water. Secondly, the water that is available is full of fluoride in it.

What is really needed is the realistic assessment of agricultural condition during drought and flood in the country. This would help in providing relief and rehabilitation measures. The relief and rehabilitation measures should be based on the needs of each state.

I would also urge the Government one more thing. Since both these disasters impact a large area, hence satellite based monitoring is extremely useful. The satellite based imagery would help in locating the actual problem in each area separately. I would urge the Central government to formulate an area specific approach for the State of Karnataka in consultation with the State Government for tackling the problem of drought and flood. This approach would set a healthy trend in tackling the problem in a better way. This would also help the farmers who are the bread-earners for the people of our country.

*श्रीमती रमा देवी (शिवहर)ः अन्य प्राकृतिक आपदाओं की भाँति बाढ़ भी अनादिकाल से मानवजाति को भयभीत करती रही है तथा जान-माल की अपार क्षति पहुँचाती रही है। परंतु विडंबना यह है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अद्भुत प्रगति के बावजूद आज भी मनुष्य बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं पर विजय प्राप्त नहीं कर सका है। लेकिन यह संतोष की बात है कि अधिकांश विनाशकारी प्राकृतिक आपदाओं के पूर्वानुमान एवं चेतावनी प्रदान करने के लिए नए-नए तरीके खोज लिए गए हैं और समय पर सावधानियाँ बरतकर इनसे होने वाली क्षति के परिणाम को कम किया जा सकता है। इस दिशा में समाज के विभिन्न वर्गों के मध्य परस्पर सहयोग एवं समन्वय विशेष रूप से वांछनीय एवं महत्वपूर्ण है।

सृष्टि के निर्माण से ही पानी का बहुत योगदान है। जहां-जहां पर पानी है या नदियां बहती है वहां पर ही बड़े-बड़े शहर विकसित हुए हैं। पानी एवं भूमि का सम्बंध एक अनुपात में होना चाहिए। अगर यह संबंध सही रहे और पानी का अनुपात ठीक रहे तो भूमि अपनी उर्वरता से देश के विकास में बहुत ज्यादा योगदान देती है। परंतु भारत में कई जगह पानी जरूरत से ज्यादा है और कहीं पर पानी जरूरत से कम है। इससे एक ओर बाढ़ का वातावरण पैदा होता है तो दूसरी ओर सुखाड़ जैसा वातावरण रहता है। इससे दोनों ही परिस्थितियों में लोगों को जान-माल की क्षति होती रहती है। देश के कुछ हिस्सों में हर साल बाढ़ एवं सुखाड़ का प्रकोप रहता है और इन प्रकोपों से हर साल कई जाने चली जाती है। किसानों की खरबों की फसले बर्बाद हो जाती है और मवेशी भी हज़ारों की संख्या में मारे जाते हैं। इन प्रकोपों से सबसे ज्यादा किसान वर्ग प्रभावित होता है और यही वर्ग बर्बाद होता है। आज़ादी के 67 साल के बाद भी इन प्रकोपों का प्रभाव कम होने की बजाय बढ़ना दुर्भाग्यपूर्ण है।

मेरे गृह राज्य बिहार का संस्कृति एवं सभ्यता के मामले में गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। परंतु बिहार बाढ़ एवं सुखाड़ दोनों से पीड़ित है। बिहार की मिट्टी में गुणात्मक उर्वरता के बावजूद दोनों प्रकोपों के कारण आज भी बिहार अन्य राज्यों से काफी पिछड़ा है। बिहार में संसाधनों की कमी नहीं है और भूमि की उर्वरता भी ज्यादा है, परंतु सुखाड़ एवं बाढ़ के कारण ही विकास नहीं कर पा रहा है। बाढ़ और सुखाड़ ने बिहार के विकास को बांध कर रख दिया है। इसी कारण बाढ़ को बिहार का शोक कहा जाता है। बाढ़ की विनाशकारी प्रकृति का मुख्य कारण है बाढ़ की विशाल जनराशि में छिपी अथाह शक्ति। बाढ़ का प्रभाव तत्काल दिखाई देता है। अति तीव्रता से बहने वाली जलराशि अपने मार्ग में आने वाली सभी बाधाओं को तहस-नहस कर देती है। कोई मानव शक्ति उसे रोकने में समर्थ नहीं हो पाती। प्रत्यक्ष रूप में बाढ़ के कारण फसल, भवन, सड़क, संचार साधन, यातायात एवं परिवहन व्यवस्था को बहुत ही क्षति पहुंचती है, जिसे पुनः बहाल करने में काफी समय लग जाता है। बाढ़ जल की तीव्रता के कारण टेलीफोन तार के खंभे उखड़कर गिर जाते है और सम्पर्क व्यवस्था ठप्प हो जाती है। ऐसी स्थिति में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों से संपर्क टूट जाने के कारण राहत एवं सहायता कार्यों को पूरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है तथा पीड़ित लोगों को समय पर सहायता नहीं मिल पाती है। बाढ़ की चपेट में आने वाले मवेशी एवं मनुष्य, काल के विकराल गाल में समा जाते हैं। बाढ़ का पानी तेजी से प्रत्येक स्थान में प्रवेश कर जाता है। छोटे-बड़े नालों व नालीयों की हानिकारक गंदगी भी पेयजल में समा जाती है। जिससे पेयजल दूषित होता है, जिसे पीने से अनेक प्रकार की बीमारियाँ फैलती है। बिहार में तटबंध टूट जाते है और नदियों के किनारे बसे लोग उजड़ने लगते हैं। नेपाल का पानी बरसात के दिनों में भीषण गर्जना के साथ बिहार में घुसता है और बिहार में तबाही मचा देता है। तीव्र वेग से बढ़ता बाढ़ का पानी नहर एवं नालों को निगलता हुआ सर्वप्रथम आस-पास के खुले क्षेत्रों तथा खेत-खलिहानों में फैल जाता है। खेतों में खड़ी

फसलें बाढ़ के जल में डूबकर नष्ट हो जाती हैं। फसल बोए जाने के समय बाढ़ के कारण उपजाऊ मिट्टी, उपयोगी खाद और बीज बह जाते हैं। विस्तृत चारागाह भी जलमग्न हो जाते हैं जिसके कारण पशुओं के लिए चारे की कमी पैदा हो जाती है। नेपाल भी कभी-कभी दो लाख क्यूसेक पानी छोड़ता है, जो उत्तरी बिहार एवं उत्तर प्रदेश के उत्तरी एवं पूर्वी क्षेत्र में बाढ़ का एक कारण बनता है। और जब पानी बिहार में आता है तो नदियों का बहाव इतना तेज जोता है कि जंगली जानवर तक बह जाते हैं। बाढ़ के समय कई लोग पेड़ों में अपना स्थल बना लेते हैं। कई बार तो ऐसा भी देखा गया कि एक डाल पर कई आदमी है और दूसरी डाल पर जहरीले साँप होते हैं और यह साँप पानी से बचने के लिए पहले पेड़ पर चढ़ जाते हैं और नदी पर चलने वाली नाँवे जो राहत कार्य में लगी रहती है, उसमें गिर जाते हैं और नाव में बैठे हुए लोगों को डस लेते हैं और इस तरह से भी मृत्यु हो जाती है। बाढ़ एवं सुखाड़ के समय राहत कार्यों में जो धनराशि राहत के नाम से आती है उसमें सरकारी अधिकारियों का अलग से अर्थशास्त्र होता है, उसमें कितनी कमाई की जाये यह ज्यादा चर्चा का विषय होता है। जबकि काम होना चाहिए राहत उपलब्ध कराने का। बिहार की जनता बाढ़ से इतना ज्यादा परेशान हो गई है कि उन्होंने अपने बच्चों के भविष्य को देखते हुए कहना शुरू कर दिया है कि उनको भोजन, कपड़ा एवं पैसा नहीं चाहिए बल्कि इसका स्थाई समाधान करना चाहिए क्योंकि इस बाढ़ से बच्चों की पढ़ाई पर तीन माह से चार माह तक असर रहता है।

औद्योगिक क्षेत्रों में बाढ़ से होने वाली क्षति आर्थिक दृष्टि से काफी गंभीर स्थिति धारण कर लेती है। उत्पादकता एवं व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो जाते हैं। जिसके दूरगामी दुष्परिणाम होते हैं। रेल व सड़क मार्ग अवरूद्ध होने के कारण आवश्यक वस्तुओं का आवागमन रूक जाता है। अतः दैनिक प्रयोग की अनेक वस्तुओं की कमी हो जाती है। इसके फलस्वरूप वस्तुओं के मूल्यों में अप्रत्याशित रूप से वृद्धि हो जाती है तथा समाज का कमजोर वर्ग आर्थिक संकट का शिकार हो जाता है। कुछ स्वार्थी एवं असामाजिक लोग इस प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न हुई संकटकारी स्थिति का अनुचित लाभ उठाने का प्रयास करते हैं।

बाढ़ से केवल फसल खराब नहीं होती बल्कि लोगों का जीवन तीन-चार माह के लिए नारकीय बन जाता है। जगह-जगह पानी भर जाता है और जल भराव की समस्या बन जाती है, जिसके कारण कई बीमारियाँ फैल जाती है और इन बीमारियों से सैकड़ों लोग मारे जाते हैं। ऐसे मरने वालों के रिकॉर्ड नहीं होते बल्कि जबकि यह मरते बाढ़ के कारण ही हैं।

कई दशक पूर्व नेपाल एवं भारत में एक संधि हुई थी, जिसमें प्रावधान था कि नेपाल में जब आठ से दस दिन तक बारिश लगातार होगी तो उसकी सूचना भारत सरकार को दी जाएगी। परंतु वर्तमान समय में नेपाल में लगातार बारिश होने के बाद भी इसकी सूचना भारत सरकार को नहीं दी जाती है जिसके कारण यह पानी नेपाल से होते हुए भारत में तबाही मचाता है। कई दशक पूर्व तराई क्षेत्र में अंधाधुंध पेड़ों की कटाई के कारण यह पानी बड़ी तेजी के साथ भारत में प्रवेश करता है। जब पेड़ थे तब यह पानी के वेग को रोकते थे और इन पेड़ों से पानी की गति भी धीमी होती थी जिसके कारण भारत सरकार सचेत हो जाती थी और राहत कार्य की व्यवस्था समय पर कर ली जाती थी। परंतु घटते पेड़ों के कारण बाढ़ की समस्या अब बढ़ गई है। नेपाल से जो पानी आता है अगर उसका सही उपयोग किया जाये तो हम अपने देश का विकास अच्छे ढंग से कर सकते है। कई दशकों से नेपाल से बातचीत हो रही है परंतु आज तक इसका कोई सकारात्मक उपाय नहीं निकला है। नेपाल से आने वाला पानी और उत्तरी बिहार में फालतू बह रहे पानी से हम पन बिजली के माध्यम से विद्युत का उत्पादन कर सकते हैं और इस ढंग से बिजली पैदा करके इस देश में बिजली पैदा करके इस देश में बिजली की कमी को दूर कर सकते हैं और तबाही के पानी को खुशहाल पानी के रूप में परिवर्तित कर सकते हैं। देश के उत्तर पूर्वी क्षेत्रों में आज जहां-जहां पर पानी ज्यादा है, नदियाँ हैं, वहाँ पर हाइड्रो तकनीक से बिजली पैदा करने के कई प्लांट सरकार लगा रही है। ऐसी पहल बिहार में भी होना चाहिए। इन प्रयासों से भारत के साथ नेपाल का भी विकास हो सकता है, परंतु कुछ पड़ोसी देश पर्दे के पीछे से नेपाल को गरीब देश ही रखना चाहते हैं क्योंकि नेपाल के विकसित होने से उनको काफी खतरा हो सकता है, उनके लिए सिरदर्द बन सकता है। भारत सरकार भूटान की सरकार के साथ बिजली पैदा करने के प्रयास कर रही है और सरकार उत्तरी एवं पूर्वी भारत के राज्यों में पानी से बिजली बनाने, जिसे पन बिजली या हाइड्रो पद्धति कहते हैं, के माध्यम से बिजली पैदा कर सकते हैं और दूसरी ओर इस फालतू पानी को नियंत्रित करके उसको डैम के माध्यम से संचय कर सकते हैं और किसानों को जरूरत पड़ने पर उनके खेतों को सिंचित किया जा सकता है। इससे सुखाड़ प्रभावित इलाकों में सिंचाई हेतु पानी पहुंचाया जा सकता है। इससे सुखाड़ क्षेत्र के किसानों की फसल सूखकर खराब नहीं हो पाएगी।

माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सरकार को देश के जल संकट से उबरने के लिए नदियों को आपस में जोड़ने का ऐतिहासिक निर्देश दिया गया था। सरकार ने अपने शपथ-पत्र में वर्ष 2035 तक प्रायद्विपीय नदियों और वर्ष 2043 तक हिमालयी नदियों को जोड़ने का वायदा किया था। नदियों को आपस में जोड़ने व जल ग्रिड बनाने का प्रस्ताव लगभग तीन दशकों से देश की फिज़ाओं में तैर रहा है। कुछ व्यवहारिक कठिनाईयाँ एवं राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण देश की प्रमुख नदियों को आपस में जोड़ने की वाजपेयी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना थी।

भारत में नदियों के प्रवाह के आधार पर दो प्रमुख जल धाराएं है, जिन्हें आपस में जोड़ने की चर्चा चल रही है। ये जल धाराएं उत्तर भारतीय हिमालयी जल धाराएं तथा दक्षिण भारतीय प्रायद्विपीय जल धाराएं हैं। हिमालय जल धारा की प्रमुख नदियां गंगा, ब्रह्मपुत्र, सिंधु, झेलम, चिनाव, रावी, व्यास, सतलुज एवं इनकी तमाम सहायक नदियां हैं। जबकि दक्षिण भारतीय प्रायद्विपीय जल धारा की प्रमुख नदियां नर्मदा, कृष्णा, कावेरी, वैतरणी, सुवर्णरेखा एवं इनकी सहायक नदियां हैं। सरकार ने बाढ़ नियंत्रण हेतु कई योजनाएं चलाई है और इसके लिए डैम बनाने एवं जल आधारित विद्युत योजना के प्रयास किये है। परंतु इसके बावजूद लोग बाढ़ एवं सुखाड़ से परेशान है। विश्व में बाढ़ एवं सुखाड़ को रोकने के लिए नई-नई तकनीक का प्रयोग हो रहा है इसमें एक इंसेट उपग्रहों के माध्यम से बाढ़ एवं सुखाड़ का अनुमान लगाये जा रहे हैं। भारत में इस तरह से 223 केन्द्र स्थापित हो चुके हैं और 222 केन्द्र स्थापित होने वाले हैं। इन केन्द्रों से हम केवल बाढ़ एवं सुखाड़ के क्षेत्र का पता लगा पायंगे, परंतु बाढ़ में राहत पहुँचाने के लिए जो गतिविधियाँ हैं उनमें नाहक देरी होती है। बिहार में बाढ़ से परेशान है और दिल्ली में बैठक हो रही है। बैठक होने के बाद जो निर्णय लिये जाते है उस पर कार्यवाही होते-होते एक महीना बीत जाता है यानी एक महीने बाद राहत पहुँचती है। राहत जब जरूरत हो उस वक्त ही उपलब्ध करानी चाहिए, न कि एक महीने बाद।

सरकार बाढ़ की बार-बार आने वाली समस्या का सामना करने के लिए कार्यदल का गठन भी करती है। इस कार्यदल को शीघ्रता के साथ काम करना चाहिए, बाढ़ नियंत्रण के लिए एक साथ छोटे-छोटे कई बाँधों में जल का भंडारण किया जा सकता है। जब एक बाँध भर जाये तो दूसरे बाँध में पानी भरे, तब तीसरे, चौथे, पाँचवें में इससे न सिर्फ नदी के जल का आयतन घटेगा बल्कि बाढ़ भी रूक जायेंगी। इन जल भंडारणों के जल को सिंचाई, मत्स्य पालन, उद्योग, मनोरंजन, बिजली आदि के लिए भी प्रयुक्त कर सकते हैं। साथ ही साथ नेपाल सरकार के साथ बातचीत ही नहीं अपितु सकारात्मक बातचीत करनी चाहिए जिससे शीघ्र हल निकल सके। राष्ट्रीय आपदा अनुक्रिया निधि के अंतर्गत केवल राहत में राशि करने का प्रावधान है। बाढ़ से होने वाले नुकसान की भरपाई भी इस निधि से की जाये। इस तरह से बाढ़ से किसानों को तथा गरीब लोगों को होने वाले नुकसान की भरपाई की जाये। साथ ही साथ, मेरा सरकार से अनुरोध है कि बांध के निर्माण कार्य में अच्छी क्वालिटी का मैटेरियल का प्रयोग किया जाये और डैम भी क्वालिटी वाले होने चाहिए। अगर इन बांध एवं डैम् में कोई खराबी आये या कोई कटाव आये तो अधिशासी अभियंता के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाये।

यह भी देखा जाता है कि जहाँ पर बाढ़ प्रवण क्षेत्र है वहाँ पर बुनियादी सुविधाओं की कमी है। वहाँ पर पक्के मकान बने, पक्की सड़के बनें और पुलों का निर्माण किये जाने चाहिए। जिन क्षेत्रों में हर साल बाढ़ का प्रकोप होता है, वहाँ पर 8 किलोमीटर के तटबंध बनने चाहिए।

सुखाड़ भी एक भयावह समस्या है और कई राज्यों में सुखाड़ का प्रकोप रहता है। इनमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिसा हैं, उत्तर प्रदेश का बुंदेलखंड और झारखंड भी है। कृषि मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष कमज़ोर मानसून के कारण एक चौथाई खेती चौपट हो गयी है और अगर जल्द बारिश नहीं हुई तो स्थिति और बिगड़ सकती है। पिछले वर्ष ज़ुलाई 2013 तक 517 हैक्टेयर भूमि में खरीफ की फसल की बुआई हो चुकी थी। जबकि, इस वर्ष अभी तक सिर्फ 256 लाख हैक्टेयर भूमि में ही खरीफ की फसल की बुआई हुई है।

जोकि चिंता का विषय है। कृषि क्षेत्र में अग्रणी राज्य महाराष्ट्र देश के बड़े हिस्से की तरह सूखे के विकट संकट से जूझ रहा है। राज्य के बांधों-जलाशयों का स्तर इतना नीचे हो गया है कि खेती-किसानी, उद्योग, बिजलीघर के लिए तो मुश्किल वक्त तो है ही, पीने के पानी के भी लाले पड़ गये हैं। सुखाड़ के लिए सरकार ने कई स्कीमें चला रखी हैं। मेरा सरकार से अनुरोध हे कि बिहार में जहाँ पर 68 लाख हैक्टेयर भूमि बाढ़ प्रवण क्षेत्र में है और बाढ़ से हर साल प्रभावित रहता है। इनके लिए एक पैकेज दिया जाये जिससे बाढ़ से प्रभावित बिहार का उत्तरी क्षेत्र और उत्तर प्रदेश का उत्तर पूर्वी क्षेत्र बाढ़ से निज़ात पा सके।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि पड़ोसी देशों के साथ ठोस एवं सकारात्मक नीति बनाकर देश के जल संरक्षण के लिए लंबी दीर्घकालिक योजनाओं का आरंभ और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रभावी कदम उठाने का संकल्प लिया जाये जिससे बार-बार आने वाली बाढ़ और सूखे जैसी विभीषिका से देश के लोगों को बचाया जा सके।

*__SHRI K. PARASURAMAN (THANJAVUR):__ The objectives of the scheme were to restore and augment storage capacities of water bodies and also to recover and extend their lost irrigation potential. These projects cover 556 water bodies with total original cultivable command area of 5000 acres.

After RRR works, an additional irrigation potential of 5000 acres is likely to be generated. If the physical work for restoration is completed in 556 water bodies in district of Thanjavur, Tamil Nadu. The irrigation potential created subsequent to pilot scheme will be 500 acres approximately.

The main objective of the project is : Comprehensive improvement of selected tank systems including restoration; Improvement of catchement areas of tank; Community participation and self-supporting system for sustainable management for water bodies covered by the programme; Ground Recharge; Capacity Building of communities, user groups standing committee for Panchayats and State Government/Central Government Agencies concerned with planning, implementation and monitoring of the project and; Increase in storage capacity of water bodies;

Environmental benefits through improved water use efficiency; irrigation benefits through restoration of water bodies, supplementation of the groundwater use and promotion of conjunctive use of surface and groundwater; Development of tourism, cultural activities etc.; and Increased availability of drinking water.

Keeping in view of above, I humbly urge upon the hon'ble Minister to kindly take necessary steps to enable this project in Thanjavur, Tamilnadu at the earliest.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मेरे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। मैं कोई वक्तव्य नहीं दूंगा, लेकिन केवल कुछ बिन्दु हैं, जो महत्वपूर्ण हैं और मैं चाहूंगा कि जब मंत्री जी इस सूखे और बाढ़ की बहस का उत्तर का उत्तर दें तो निश्चित तौर से जो मेरे द्वारा प्रश्न उठाये जा रहे हैं, उन प्रश्नों का उत्तर दे दें।

मेरे बहुत से साथियों ने यहां अपने विचार रखे हैं। अभी कल भी हमारे बहुत से नये साथी, भरत सिंह जी हैं, शरद जी हैं और भी तमाम साथी अपने विचार रखेंगे तो मैं उस पर समय नहीं लेना चाहता हूं। मैं केवल यह चाहता हूं कि जैसे गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ने कहा है कि some steps are being taken by the Government of India और जिसमें उन्होंने साफ कहा है कि : "Crop contingency plans have been developed for 500 out of about 540 agricultural districts by the Central Research Institute of Dryland Agriculture (CRIDA) in collaboration with the State Agriculture Universities and concerned State Governments to deal with the challenges posed by aberrant monsoon. Secondly, the States have been advised to consult the National Crisis Management Plan on Drought, 2014 while managing any probable drought / rainfall deficit situation."

The measures to be taken का मैं उल्लेख नहीं कर रहा हूं। मैं यह उल्लेख कर रहा हूं कि जिन दो स्टैप्स को भारत सरकार ने टेक अप किया है तो माननीय मंत्री जी, मैं यह जानना चाहता हूं कि सैण्ट्रल रिसर्च इंस्टीटयूट ऑफ ड्राईलैंड एग्रीकल्चर ने 500 जिलों के लिए जो कार्ययोजना बनाई है, उसके सम्बन्ध में राज्य क्या कर रहे हैं। हर राज्य का मैं पढ़ रहा था तो उत्तर प्रदेश में क्या है कि उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री आलोक रंजन ने एक सूखा कार्ययोजना का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के लिए जिला मजिस्ट्रेट्स को निर्देश दिया है। हम लोग मेंबर ऑफ पार्लियामेंट हैं। हमें अपने जिले में नहीं मालूम है कि चीफ सेक्रेटरी साहब का जो पत्र जिलाधिकारी को गया है, वह वास्तविकता के धरातल पर कब उतरेगा? अगर भारत सरकार कोई निर्देश दे रही है, कह रहे हैं कि इस चर्चा की क्या सार्थकता है? चर्चा की सार्थकता है, मैं तो भारत सरकार के बधाई दूंगा। आखिर पंचवर्षीय में आपने केवल इस नेचुरल कैलेमिटी में बारह हजार करोड़ रूपए राज्यों को दिया है। आप हिसाब लें या न लें, हमें याद है कि पन्द्रहवीं लोक सभा में बिहार में बाढ़ आयी थी, एक हजार करोड़ रूपए यहीं से बिहार की कोसी की बाढ़ के लिए दिया गया था। गीते जी और हम सब लोग मौजूद हैं। आज जो सूखे की स्थिति है, केवल यह नहीं कि हम आत्मनिर्भर हैं, हमारे गोडाउंस भरे हुए हैं, अब अन्न की वह स्थिति नहीं होगी, हमें पीएल 480 मंगाना पड़े, दूसरे देश पर निर्भर रहना पड़े। आज जो वर्ल्ड

में हम सबसे ज्यादा सुगर केन प्रोड्यूस कर रहे हैं, कोल, कुकिंग ऑयल, राइस, कॉटन, यह हम केवल सबसे ज्यादा दुनिया में नहीं पैदा कर रहे हैं, हम इसको एक्सपोर्ट भी कर रहे हैं। जब हमारा मानसून कम हुआ तो हमारा एक्सपोर्ट कम होगा। जो हम जीडीपी में 14 परसेंट एग्रीकल्चर के माध्यम से कंट्रीब्यूट कर रहे हैं, वह कहां हो पाएगा, यह चिंता का विषय है।

आप जानते हैं कि जून की जो इंडियन मेटोलिजिकल डिपार्टमेंट की रिपोर्ट है कि 43 परसेंट जून में सामान्य से कम वर्षा हुयी। जो चार्ट है, आप उसे देख लीजिए, सिचुएशन ऑफ खरीफ क्रॉप्स इन इंडिया ड्यू टू ड्राट, मतलब ऑल क्रॉप्स को मैं अलग-अलग नहीं पढ़ना चाहता हूं। टोटल जो नॉर्मल एरिया ऑफ होल सीजन है, जो क्रॉप होनी चाहिए, जो सोइंग होनी चाहिए, वह 1054.67 लाख हेक्टेअर टोटल होना चाहिए। आपके पास इसकी जानकारी होगी। 18 जुलाई तक कितनी सोइंग हुई है, अभी तक पूरे देश में कितनी बुआई हुई है? 570.56 लाख हेक्टेअर अभी तक बुआई हुई है। पिछले साल वर्ष 2013 में 627.44 लाख हेक्टेअर इसी 18 जुलाई तक हुई थी। आखिर इसका मतलब है कि ये तो आंकड़े बताते हैं कि सामान्य से कम वर्षा हुई है। सामान्य से वर्षा कम होने के कारण बुआई कम हो रही है। जो हम लोगों का इलाका पूर्वी उत्तर प्रदेश का है, एक बाढ़ नीयत थी, जब वहां सूखा पड़ गया, सिद्धार्थनगर में सूखा है, कुशीनगर में सूखा है, श्रावस्ती में सूखा है, बहराइच में, गोंडा में, संतकबीर नगर में सूखा है तो आप कल्पना कर सकते हैं। जहां आप कोसी से प्रभावित होते थे, हम बाणगंगा से प्रभावित होते थे, करनाली से, जलकुंडी से प्रभावित होते थे तो उस बाढ़ की स्थिति में हम क्या कहें? स्वाभाविक है कि जब इस सूखे के कारण हम इस साल वर्ष 2014 में हमने अभी तक केवल 345.60 लाख हेक्टेअर की बुआई की है तो मतलब पिछले साल का आधा किया और नॉर्मल होना चाहिए 1054 लाख हेक्टेअर।

महोदय, मैं केवल एक-दो मिनट में अपनी बात समाप्त करना चाहूंगा। इसलिए यह बात बहुत गम्भीर है। जो आप कह रहे हैं, बाढ़ के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि बाढ़ के कारण हर साल 432 करोड़ की फसल प्रभावित होती है। ज्योग्राफिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने कहा है कि 12.5 परसेंट भूभाग पर हर साल बाढ़ आती है। आप देखिये अभी कहा जा रहा था कि बिहार बाढ़ सबसे ज्यादा प्रभावित है, जबकि सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश प्रभावित होता है। 7.336 मिलियन हेक्टेअर बाढ़ से प्रभावित होता है, जब बाढ़ आती है, बिहार 4.26 है, पंजाब 3.6 है, राजस्थान 3.26 है, असम 3.15 है। मैं समझता हूं कि आज हमारे यहां जो शारदा है, राप्ती है, गंडक है, वहां बाढ़ की स्थिति है। हम उसी इलाके से आते हैं, इसलिए मेरा दर्द है। मैंने आपसे इसीलिए अनुरोध किया क्योंकि आखिर हम चुनकर आते हैं, हमारा उत्तरदायित्व है, बाढ़ में एक फसल खरीफ की हमें कभी मिलती ही नहीं थी, वह फसल इसलिए नहीं मिलती थी कि बाढ़ में जिस तरीके से नेपाल की नदियों का पानी आता है, थोड़ी भी नेपाल में बारिश आती है तो बाढ़ आ जाती है। मुझे खुशी है कि भारत के प्रधानमंत्री जी वहां जा रहे हैं। मुझे खुशी है कि 23 वर्षों के बाद पहली बार भारत की विदेश मंत्री सुषमा जी नेपाल गयीं और संयुक्त आयोग की बैठक हुई और एक नया रिश्ता फिर से शुरू हो रहा है। हमारा अपने पड़ोसी राष्ट्रों से कोई रिश्ता ही नहीं था। कहा जा रहा है कि बिहार वहां पैसा देता है, हमारा वहां जल विभाग का एक कार्यालय है और मुझे उम्मीद है कि निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री जी के दौरे के बाद यह जो पानी बाढ़ की शक्ल में आता है, शायद हम वहां से कोई पावर स्टेशन भी बनाने में नेपाल को सहयोग करें या हम सड़कों के लिए हुलाकी जो कोस्टल एरिया है ईस्ट से वेस्ट नेपाल के पैरलल, वहां हम इसे करें। निश्चित तौर से इस बार प्रधानमंत्री का दौरा भारत और नेपाल के रिश्ते में मील का पत्थर साबित होगा और आने वाले दिनों में बाढ़ को रोकेगा। लेकिन चिंता का विषय यह है कि जो कार्य योजना आपने बनायी है, वह कार्य योजना राज्य में कितनी अमल हो रही है? इस बात का उत्तर देते समय जरूर आप जिक्र करें। मैं इसमें नहीं जाना चाहता हूं कि कितने जोन हैं? कुल 36 जोन हैं। जोन में अलग-अलग स्थिति है, कहीं बाढ़ है, कहीं सूखा है, जैसा हमारे साथी ने कहा कि दोनों अलग-अलग हैं, दोनों सब्जेक्ट हम एक साथ डिसकस कर रहे हैं। उस स्थिति पर अब हमें राज्यवार नहीं बल्कि हमें जिलेवार इसकी कार्य योजना बनानी होगी। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं।

ॲश्रीमती जयश्रीबेन पटेल (मेहसाणा) : माननीय सभापति महोदय, देश में सूखा और बाढ़ की स्थिति में मैं मेरे विचार व्यक्त करना चाहती हूं। देश में क्लाइमेट चेंज के कारण कहीं सूखा और कहीं बाढ़ की स्थिति पैदा हुई है । सूखे की स्थिति का सामना करने से कई पूर्व सरकारों ने भी किए । उन्होंने जागरूकता नहीं जताई है जिनके परिणाम देश की जनता भुगत रही है । जब बारिश आती है, वहां उनका जल संचय भी करना चाहिए । गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में सिंचित करना चाहिए । जैसे गुजरात में करीब-करीब ये सारा साल होता है । चैकडेम सबसे ज्यादा वहां है । जिनके कारण उनका लाभ किसानों को मिलता है ।

नदी को जोड़ने का काम हमारी सरकार ने किया था लेकिन उसको यूपीए 1, 2 ने बंद किया । अब एनडीए की सरकार ने फिर से ये नदी जोड़ो काम शुरू किया है । देश के किसान और लोगों को फायदा होगा । जहां बाढ़ है वहां का पानी को रोकने के लिए कोई बांध की व्यवस्था नहीं है । हमारी सरकार ने इस दिशा में प्रयास किया है, यह सराहनीय है । हमारी सरकार ने कार्य प्रोग्राम बनाए हैं वे सराहनीय हैं ।

* Speech was laid on the Table

***SHRIMATI SANTOSH AHLAWAT (JHUNJHUNU):** The conventional attitude to a drought as a phenomenon of arid and semi-arid areas is changing because even areas with high rainfall often face acute water scarcity. Cheerapunji, the world's highest rainfall area, is facing severe drinking water shortages. Drought in the state of Orissa, with an average rainfall of 1100 mm, surprised many. A water scarcity condition in the Himalayan region is also not uncommon. This shows that drought is just not the scarcity or absence of rainfall, but is more related to water resource management (or mismanagement).

In case of Rajasthan, there have been 48 drought years of varied intensity since 1901. (last 102 years). A more detailed analysis reveals that only in 9 out of 102 years, there were none of the districts in the State affected by droughts. At the village level, the number of drought-free years will be even less. Therefore, every year some part(s) of Rajasthan is affected by drought. Despite this, the State considers drought as a transient phenomenon where short term relief measures are considered to be a solution.

Jhunjhunu district located in the arid western Rajasthan is highly vulnerable to extreme climatic conditions and drought compared to other arid regions of the country. It is characterized by very hot summers and very cold winters with poor rainfall during south-west monsoon period. In May and June, the maximum temperature may sometimes goes upto 49ℜ° C. The potential evapotranspiration rates are quite high, especially during May and June. The total annual potential evapotranspiration is 1502.6 mm. Out of 6463.2 sq. km of cropped are, only 2267.9 sq km (35.1%) area has irrigation facility aggregating drought impact on crop production in the district. Agriculture activity is spread over both Kharif and rabi cultivation. Kharif cultivation is rainfed and rabi cultivation is mostly based on ground water.

The issue of vulnerability to drought and attempts to highlight the need for proper identification of target areas and population for efficient planning of drought relief measures in the state are based more on conventional perceptions, e.g., that Below Poverty Line (BPL) population and population within certain castes are the only vulnerable groups and that the Western region of the State is the most vulnerable.

Rajasthan is the largest State of India with an area of 342,000 sq. km (10.4% of the country total) and population of 56. 5 million (5% of the country total of which 76.6% is rural. The state has only 1% of India's water resources (GOI 2004). Administratively, the State is divided into 32 districts and 241 tehsils.

For historical and geographical reasons, the State remain socially and economically backward. Recurrent drought, a poor resource base for economic development, the highest cost of development per capita due to aridity and very low density of population, low level of literacy (particularly among women), a very rate of population of growth and scarcity and water make the task of socio-economic development a challenge compared to many states in the country. The climate of Rajasthan State varies from arid to sub-humid.

Three main physiographic regions can be delineated in the State. To the west of Aravali hills range, there are 11 districts covering approximately 50% of the area. The climate here is characterized by low and erratic rainfall, extreme of diurnal and annual temperatures, low humidity and high wind velocity. To the east of Aravali, the climate is semi-arid to sub-humid. The 12 districts in this region are characterized by more or less the same extremes in temperatures, relatively lower wind velocity and high humidity with better rainfall. The remaining area falls within the Aravali range with high rainfall, hilly topography and forest cover is classified as a tribal area.

The average rainfall of Rajasthan is 574 mm but it varies significantly across different regions. In the western Rajasthan, the average annual rainfall ranges from less than 100 mm in north-western part of Jaisalmer (lowest in the State) to over 400 mm in Sikar, Jhunjhunu and Pali regions and along the western fringes of the Aravali range.

Drought results from long continued dry weather and / or insufficiency of rain, which causes exhaustion of soil moisture, depletion of underground water supply and reduction of stream flow. Drought is frequently defined according to disciplinary perspective.

The National Commission on Agriculture in India defines three types of droughts, namely, meteorological, agricultural and hydrological droughts. Meteorological drought is defined as a situation when there is significant decrease from normal precipitation over an area (i.e. more than 25%). Agricultural drought occurs when soil moisture and rainfall are inadequate during the growing season to support healthy crop growth to maturity and causes crop stress and wilting. Hydrological drought may be a result of long term meteorological droughts which result in the drying up of reservoirs, lakes, streams and rivers, and fall in groundwater level.

The impact of a drought on the overall economy of the country is evident at macro (State and national level) and micro-levels (village and household levels). The impacts could be direct or indirect and vary in nature and intensity. The extent and intensity of drought impacts is determined by prevailing economic conditions, the structure of the agricultural sector, management of water resources, cereal reserves, internal and external conflicts, etc.

Micro level impact is largely on the entitlement to produce and procure food. The impact varies depending upon the social structure (class, caste) and village and household resource endowments.

The direct impacts of drought can be classified under four broad categories, viz. physical, social, economic and environmental. The initial direct physical effects of drought on the production sectors are similar regardless of the type of economy, although the relative and absolute magnitudes of each impact will depend on specific country characteristics. Drought entails a loss of assets in the form of crop, livestock and productive capital damage as a direct consequence of water shortage or related power cuts. In the industrial sector, agro-based industries are the ones directly affected, as the lower domestic production of agro-processing inputs reduces non-agricultural production.

Domestic availability of water is also restricted. This latter aspect has implications for health and household activities, including the time required for collecting water. As water becomes scarce, competition among within sectors may increase.

Droughts have potentially important implications for government policies, first and foremost, via their impact on the budgetary balance. A drought is likely to reduce tax revenue via a decline in income, employment and exports. On the expenditure side, increased expenditure on relief, social welfare, health and water supplies, consumption-related subsidies on food distribution, and the logistical costs of drought-related imports may confront government. Law and order services could be put under greater pressure by a rise in crime, in turn associated with temporary unemployment, migration and increased destitution. In addition, these are likely to be pressures for the increased provisions of subsidies and credit to affected productive sectors, including public utilities. Government policies can exacerbate the impact of drought.

Due to scanty and inadequate rainfall for the last two years in Rajasthan, the crop has been severely affected. The scarcity problem has been reported in 23406 villages spread in 26 districts and hence on 9.1.2000 these villages were declared as scarcity (drought) affected villages. In all, 26.1 million people and 34.5 million animals are affected. The drought condition is worsening year after year over the last three years.

Vulnerability is another concept to consider in drought impact assessment. It is closely related to food insecurity and can be defined as the probability of an acute decline in food excess or consumption levels below minimum survival needs. In drought years, food insecurity increases due to severe decline in food production/availability, both from individual farms and in the market and because of increased uncertainty of income related to lack of employment opportunities and livelihood. Vulnerability may be assessed in terms of multiple factors/indicators, which expose people to food insecurity through reduced food availability, access and utilization.

Vulnerability indicators are mostly relative and qualitative, and therefore, difficult to quantify. However, some broad indicators can be listed, including forced migration, borrowings, skipping meals or food shortage, change of occupation, forced unemployment, falling health conditions, etc.

Vulnerability assessment may be done for different socio-economic groups based on caste, land ownership, primary occupation, income group and gender. They can be assessed at a state, district, village or households level. It was shown that both low-income and middle-income households are vulnerable to droughts. In a context of farm sizes, it is marginal and small farmers that are normally most vulnerable, whereas in desert region, even the large land holders are vulnerable due to the inferior quality of land with no irrigation facilities and direct dependency on erratic rainfall. Landless households are better off as they are less dependent on agriculture and livestock for their livelihood and more mobile.

Identification of vulnerable population, villages and districts are important for policy makers, particularly the Drought Relief Department, for identification of target population. It also helps in streamlining and planning in advance the activisties of Relief Department.

---

*श्री दिलीपकुमार मनसुखलाल गांधी (अहमदनगर)ः 34 जिलों में से ज्यादातर जिले सूखे की समस्या से बुरी तरह प्रभावित है, खासकर अहमदनगर जिला और संपूर्ण मराठवाड़ा क्षेत्र पीने की पानी की गंभीर समस्या से ग्रसित है। जिनमें से अधिकांश गांवों में टेंकरों के माध्यम से पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। अहमदनगर जिले में 14 तहसील हैं, उनमें से पाथर्डी, पारणेर, कर्जत, श्रीगोंदा, अहमदनगर, जामखेड़ और शेवगांव बुरी तरह प्रभावित हैं। फसल न होने एवं सूखे की वजह से इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति खराब हो गयी है। दूसरी चीज़े सामने आयी हैं। फसलों के दुप्रभावित होने से गरीबी रेखा के नीचे और ऊपर जो लोग हैं, उन सबकी स्थिति प्रभावित हुयी है और जो लोग मनरेगा के तहत काम कर रहे हैं वे भी इस समस्या से प्रभावित हुए है। सूखे ने खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है।

पीने के पानी की गंभीर समस्या ने सिर्फ ग्रामीण इलाकों को ही प्रभावित नहीं किया बल्कि शहरी क्षेत्रों को भी प्रभावित किया है, क्योंकि कम मात्रा में पानी होने से इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं हो सकी है। छोटे शहर जो पूर्ण रूप से भूमिगत पानी पर निर्भर हैं, वे भी पानी की कमी एवं पानी के जल स्तर की गिरावट से दुप्रभावित है।

इन प्रभावित क्षेत्रों में मदद पहुंचाने के लिए मैं सरकार से विनती करता हूं कि इस विषय की गंभीरता को समझते हुए राष्ट्रीय राहत कोष से अधिकतम राहत राशि प्रदान की जाए। आपकी यह मदद ग्रसित लोगों को एवं जरूरतमंद लोगों को सूखे की समस्या से जूझने में मदद पहुंचाएगी। आपके इस अनुदान एवं उठाये गये जरूरी कदम के लिए मैं हमेशा आभारी रहूँगा।

अतः आपसे निवेदन है कि अकाल से निज़ात दिलाने के लिए जल संधारण को तीव्रता से बढ़ाने की आवश्यक है।

जल संसाधन बढ़ाने हैं तो पहले जो तालाब व बांध बंधे हुए हैं, उनमें गाद का प्रमाण काफी मात्रा में है। इसी वजह से इनमें जलग्रहण क्षमतानुरूप नहीं होता। इसलिए ऐसे बांध व तालाब में से गाद निकाला (De-Silting) जाना चाहिए। इससे जलग्रहण क्षमता बढ़ने के साथ-साथ पीने का पानी तथा सिंचन क्षेत्र का कारोबार बढ़ेगा। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा आर.आर.आर. (रिपेयर, रिस्टोरेशन तथा रिनोवेशन) स्किम के अंतर्गत ऐसा कार्य किया जा रहा है। देश में बहने वाली नदियाँ हज़ारों वर्षों से चल रही हैं उनमें भी गाद का प्रमाण काफी मात्रा में है। महाराष्ट्र राज्य में सुचारू रूप से चल रहे शिरपुर पैटर्न का प्रयोग इन नदियों पर किया जाए तो उनकी वहन क्षमता बढ़ने के साथ-साथ सिंचन क्षेत्र में भारी मात्रा में सुधार हो जाएगा। सरकार द्वारा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना/ नेशनल हाईवे/स्टेट हाईवे और केन्द्रीय सड़क योजना के अंतर्गत सड़के बनाई जाती हैं। उनके कॉन्ट्रेक्टर को पुराने तालाब व बांध से गाद निकालने को कहा जाये, तो वे गाद से सड़क की साईट पट्टियाँ बन सकती हैं, उससे जमीन कटाव में भी कमी आएगी और सड़कें भी चौड़ी बनाने में मदद मिलेगी। इसके लिए सिर्फ इतना ही करना होगा। सरकार द्वारा गाद पर रॉयल्टी लगायी जाती है, उस पर कॉन्ट्रेक्टर को माफी/रियायत दी जाये ताकि वे आसानी से कार्य करें और यह रियायत कॉन्ट्रेक्टरों को उस क्षेत्र में दी जाये जहां उनका कार्य चल रहा है। उन्हें 1 से 5 कि.मी. क्षेत्र के तालाब/बांध से गाद निकालने की अनुमति

दी जाये।

इस क्षेत्र में मूलभूत ढाँचा बनाने की जरूरत है। हमने अपने जिले में चार गाँवों में ऐसा प्रयोग किया, वहाँ अब अकाल सदृष्य स्थिति में आसानी से पीने का पानी मिल रहा है। उसी के साथ-साथ सिंचाई में भी बढ़ोत्तरी हो गयी है। यह तरीका सब जगह अपनाया जाये तो जल संसाधन क्षेत्र में काफी मात्रा में सुधार हो जायेगा। अतः मेरी सरकार से विनती है कि मेरे द्वारा दिये गये सुझावों पर विचार करके उसे अपनाया जाये। मेरा यह सुझाव है कि देश में जल संसाधन का दायरा बढ़ाने के लिए उक्त प्रस्ताव पर गौर किया जाये जिससे अकाल से राहत मिलने में बड़ा सहयोग होगा।

ऑश्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मैं सूखे से उत्पन्न देश की स्थिति पर चर्चा के दौरान सरकार को अपने बुन्देलखण्ड क्षेत्र की ओर ध्यान दिलाना चाहता हूँ। बुंदेलखण्ड लगातार कई वर्षों से इस समस्या से ग्रस्त है। वहां पर मेरा संसदीय क्षेत्र बाँदा-चित्रकूट तो और पिछले 5 वर्षों से लगातार इन समस्याओं से सामना कर रहा है। इस समय सूखे के कारण आदमियों को एवं जानवरों के लिए पेयजल व्यवस्था आदि गड़बड़ा गई है। मेरे क्षेत्र में पाढा का वह एरिया भी आता है। जहाँ पर कहावत है कि "भौंरा मुझ पर ऐसा रहम कर जाए कि गगरी न फूटे चाहे खसम भर जाए" यानि एक गगरी पानी का इतना पेयजल के लिए महत्व है कि महिला कह रही है कि गगरी (घड़ा) न फूंटे चाहे पति मर जाए। अतः मान्यवर वहाँ पर पेयजल यानी पेयजल योजनाओं की विशेष बजट देकर चिन्ता करना चाहिए। सूखे की राहत के लिए पिछले सालों के केन्द्रीय टीम के सर्वे के अनुसार किसानों को कर्जा माफी होनी चाहिए। उनको जारी बैंक की वसूली एवं आर.सी पर अविलंब लगायी जानी चाहिए। और इसकी घोषणा शीघ्र माननीय मंत्री जी द्वारा इसी बहस के अंदर होनी चाहिए।

* Speech was laid on the Table

ऑडॉ. रामशंकर कठेरिया (आगरा) : मेरा क्षेत्र आगरा है जहां पर पानी की भारी कमी है । वर्षा पर्याप्त न होने के कारण मेरे क्षेत्र की एक तहसील एत्मादपुर की संपूर्ण जमीन का 70 औ आलू फसल केवल वर्ष में एक बार होती है । इस वर्ष वर्षा न होने से आलू किसान चिंतित है । यमुना में पानी नहीं है । आगरा लोक सभा क्षेत्र में खारा पानी है जिसे पीने से बीमारियां हो रही है । पीने को जो यमुना नदी से आगरा शहर में सप्लाई होता है । वह पूरी तरह बंद है । किंतु यमुना नदी सूखी पड़ी है जिससे पूरे शहर में पीने के पानी का भयंकर संकट है । यमुना में पानी न होने का मुख्य कारण यह भी है कि हरियाणा के हथिनी कुण्ड से पानी उत्तर प्रदेश का जो हिस्सा नहीं दिया जाता । मेरा सरकार से अनुरोध है कि उत्तर प्रदेश का हिस्सा जो यमुना में पानी का है वह पूरा मिले जिससे पनी का पानी मिल सके तथा सूखी यमुना से ताजमहल की नींव में लकड़ी है वह सिकुड़ रही है जिससे ताजमहल को खतरा हो गया है ।

हमारी सरकार से प्रार्थना है कि आगरा शहर और एत्मादपुर, जलेसर के सारी गांवों में पीने के पानी की व्यवस्था की जाये ।

आगरा में यमुना पर बैराज तथा आगरा से 60 कि.मी. पर चंबल से पीने का पानी लाया जाये । आलू किसानों की विशेष चिंता हो । देश का का 25 औ आलू आगरा क्षेत्र में होता है ।

HON. CHAIRPERSON : The House stands adjourned to meet again at 11 a.m. tomorrow.

18.10 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock

on Friday, August 1, 2014/Shravana 10, 1936 (Saka).

* Speech was laid on the Table

---

* Eदथ्त्द्रण्‌ य्द्बडदथ्डय्त्द्द द्द ण्ड्ढ म्द्रड्ढड्ढहण्‌ द्द्बश्र्त्दडथ्न्र्‌ ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्बड्ढड्ड त्द ख्ठ्ठदददडड्डड.

* Eदथ्त्द्रण्‌ य्द्बडदथ्डय्त्द्द द्द ण्ड्ढ च्द्रड्ढड्ढहण्‌ द्द्बश्र्त्दडथ्न्र्‌ ड्डड्ढथ्त्ध्ड्ढद्बड्ढड्ड त्द ड्डत्र्थ्.

* ग़्द्दद्य्‌ द्बड्ढहद्द्बड्डड्ढड्ड.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण्‌ ड्डम्र्‌ थ्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्डडथ्ड्ढ.

* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.
* च्द्रड्ढड्ढहण् ड्ढद्न् थ्ड्डत्ड्ड द्दद ण्ड्ढ ड्ढडथ्ड्ढ.